# दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचनाएँ–सत्र 2023–24

दिनाँक : 13/08/2023 हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान

Share Save Size Image Text Listen

## पोस्टर में प्रियल को मिला प्रथम स्थान

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। आजादी का अमृत महोत्सव के मेरी माटी मेरा देश अभियान चल रहा है। अभियान में स्कूल कालेजों में विविध आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को स्कूल कालेजों में आयोजन की धूम रही।

नगर के रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय शनिवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के निर्देशन व डॉ पूनम के संयोजन में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने मेरी माटी मेरा देश से संबंधित विभिन्न संदर्भों को अपने पोस्टरों के माध्यम से चित्रित किया। प्रतियोगिता में प्रियल गुप्ता ने प्रथम, मानवी वर्मा ने द्वितीय एवं कशिश द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ सुनीता, संगीता, डॉ भानु प्रताप राय, सतीश कुमार उपाध्याय ने निभाई। मुख्य शास्ता डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि देश के अमर शहीदों से हमें सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए। साथ ही उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। इस मौके पर प्रो. सुधा, डॉ नंदन सिंह, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डॉ महेंद्र यादव, डॉ अतुल कन्नौजिया, नंदन सिंह, वी प्रिया, डॉ अनूप पांडेय, चंद्रभान, डॉ अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहें।



रमाबाई में पोस्टर के साथ छात्राएं।

दिनाँक : 19/08/2023 आदित्य टाइम्स संवाद

करनगर, शनिवार 19 अगस्त 2023 (3)

## रमाबाई राजकीय महिला पी जी कालेज अकबरपुर में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

आदित्य टाइम्स संवाद

अम्बेडकर नगर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर में आज दिनांक 18/08/2023 को एक दिवसीय सेमिनार वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने सेमिनार उद्घाटन माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता सेंट्रल सॉल्ट एंड मरीन केमिकल्स रिसर्च संस्थान,भावनगर,गुजरात के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ. आर. एस. शुक्ला ने कम्पास भविष्य और वर्तमान की संभावनाएं विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे हम सब्जियों एवं अनाजों की नई प्रजातियाँ पैदा कर अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। डॉ. शुक्ला ने छात्राओं को कड़ी मेहनत करने व शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने छात्राओं आगे आने के लिए विज्ञान में विशेष रुचि लेने की सलाह दी। सेमिनार के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने डॉ. शुक्ला को बधाई एवं धन्यवाद दिया और छात्राओं को पूरी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उत्साहित किया। सेमिनार का आयोजन वनस्पति विज्ञान प्रभारी डॉ. विजय प्रकाश सिंह ने किया एवं विशेष सहयोग डॉ. सीमा यादव व डॉ. महेन्द्र यादव ने किया। उक्त सेमिनार में महाविद्यालय के सभी विद्वान प्रो.अरविन्द वर्मा, डॉ सुधा, डॉ. सीमा यादव, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. अतुल कन्नौजिया, प्रोफेसर अरुण कुमार गौतम, सीता पाण्डेय, डॉ. वी प्रिया, डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अनूप पांडेय, डॉ मनोज गुप्ता व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।



दिनाँक : 19 / 08 / 2023 लोक भारती

# महाविद्यालय में एक दिवसीय वनस्पति विज्ञान सेमिनार का हुआ आयोजन

लोक भारती न्यूज़ ब्यूरो



अंबेडकरनगर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, में बीते 18 अगस्त को एक दिवसीय सेमिनार वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने सेमिनार उद्घाटन माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता सेंट्रल सॉल्ट एंड मरीन केमिकल्स रिसर्च संस्थान, भावनगर, गुजरात के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ. आर. एस. शुक्ला ने हमारा भविष्य और करियर की संभावनाएं विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे हम सब्जियों एवं अनाजों की नई प्रजातियाँ पैदा कर अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। डॉ. शुक्ला ने छात्राओं को कड़ी मेहनत करने व शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने छात्राओं आगे आने के लिए, विज्ञान में विशेष रुचि लेने की सलाह दी। सेमिनार के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने डॉ. शुक्ला को बधाई एवं धन्यवाद दिया और छात्राओं को पूरी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उत्साहित किया। सेमिनार का आयोजन वनस्पति विज्ञान प्रभारी डॉ. विजय प्रकाश सिंह ने किया एवं विशेष सहयोग डॉ. सीमा यादव व डॉ. महेन्द्र यादव ने किया। उक्त सेमिनार में महाविद्यालय के सभी विद्वान प्रो. अरविन्द वर्मा, डॉ सुधा, डॉ. सीमा यादव, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. अतुल कनौजिया, प्रोफेसर अरुण कांत गौतम, सीता पाण्डेय, डॉ. पी प्रिया, डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अनूप पांडेय, डॉ मनोज गुप्ता व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

दिनाँक : 02 / 09 / 2023 अमर उजाला

# महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाददाता



अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस) के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के द्वारा माँ सरस्वती व मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तदुपरांत छात्राओं ने माँ सरस्वती की वंदना व मन-मोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की डॉक्यूमेंट्री छात्राओं को दिखाई गई। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा महाविद्यालय के क्रीड़ा ध्वज के आरोहण से किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि खेलों के द्वारा हमारा सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉकी के महान् खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के दिन मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत वर्ष 2012 मे हुई दुनिया भर में 'हॉकी के जादूगर' के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान् व कालजयी हॉकी खिलाड़ी 'मेजर ध्यानचंद सिंह' जिन्होंने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया, उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेल प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मैरी कॉम टीम ने पी.टी. उषा टीम को फाइनल मैच में पराजित किया। चंद्रभान, डॉ नंदन सिंह, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ भानु प्रताप राय व सतीश उपाध्याय ने निर्णायक भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा यादव तथा क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

दिनाँक : 12 / 09 / 2023 हिन्दुस्तान

## रमाबाई में शुरू हुआ बीबीए पाठ्यक्रम

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत तीन वर्षीय बीबीए (रिटेल) पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई है। पाठ्यक्रम की पढ़ाई इसी शिक्षा सत्र 2023-24 से होगी बीबीए (रिटेल) पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत सार्वजनिक एवं निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार के अवसर मिलते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि इस तरह के पाठ्यक्रमों से औद्योगिक क्षेत्र, व्यक्तिगत स्तर पर एवं संस्थान में पर्याप्त मात्रा में रोजगार के अवसर प्राप्त हो। बीबीए रिटेल पाठ्यक्रम के संचालन के लिए जनपद के एकमात्र महाविद्यालय रमाबाई को चुना गया है।

दिनाँक : 25 / 09 / 2023 स्वदेश संवाद

स्वदेश
लखनऊ - मुख्य संस्करण
25 Sep 2023

## एक भारत संस्कृति संगम में हुआ मंथन

स्वदेश संवाद ■ अंबेडकरनगर

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'एक भारत संस्कृति संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की संरक्षक व प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर अपने विचार साझा कर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को शुभाशीष प्रदान किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने गाँव में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए एक भारत संस्कृति संगम विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये।



साथ ही छात्राओं ने महाविद्यालय के सभागार में नाटक व गीत प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की समृद्धि से सबको अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी डॉ.भानु प्रताप राय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, प्रो. सुधा, प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ.अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ नंदन सिंह, डॉ. पूनम मौर्या, रवीन्द्र वर्मा, कार्लेविन प्रिया, डॉ अतुल कुमार कनौजिया, चंद्रभान, सतीश कुमार उपाध्याय, डॉ. सुनीता सिंह, संगीता, डॉ. विजय प्रकाश सिंह, डॉ. अनूप कुमार पांडेय सहित अन्य स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।

दिनाँक : 27/09/2023 हिन्दुस्तान

## अविवि : अभिषेक ने जीते दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

अयोध्या : डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 के तहत सोमवार को तैराकी (पुरुष, महिला वर्ग) की प्रतियोगिता रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अंबेडकरनगर मे संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता मे आवासीय परिसर पुरुष वर्ग टीम के अभिषेक कुमार का दबदबा रहा। अभिषेक ने ब्रेस्ट स्ट्रोक 50 मीटर मे गोल्ड मेडल, बैक स्ट्रोक 50 मीटर मे गोल्ड मेडल तथा बटर फ्लाई 100 मीटर मे सिल्वर मेडल जीत का विवि का नाम रोशन किया। मेडल विजेता अभिषेक कुमार की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने उन्हें सम्मानित किया। (संसू)

दिनाँक : 30/09/2023 अमर उजाला

# हमारी समृद्ध विरासत का हिस्सा है हिंदी

## हिंदी पखवाड़ा के समापन पर कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**कई वक्ताओं ने बताई भाषा की विशेषताएं**

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को हिंदी पखवाड़ा के समापन पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी भाषा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शेफाली ने कहा कि हिंदी ने भारतीय साहित्य, संस्कृति और इतिहास को जोड़ा है। यह हमारी राष्ट्र भाषा होने के साथ ही हमारी समृद्ध विरासत का हिस्सा भी है। प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी व डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी को भारत की सरकारी भाषा के रूप में मान्यता दी गई है।

उन्होंने कहा कि हिंदी देश के कई राज्यों में प्रमुखता से बोली जाती है। भारत अनेकता में एकता वाला देश है। विभिन्न धर्म, संस्कृति, भाषाओं व परंपराओं के बीच भारत के लोग सद्भाव, एकता व सौहार्द के साथ रहते हैं। इस दौरान डॉ. अनुप पांडेय, रवींद्र वर्मा, डॉ. महेंद्र यादव, सतीश उपाध्याय, डॉ. मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।



रमाबाई पीजी कॉलेज में गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता व मौजूद लोग। संवाद

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



विद्युतनगर (अंबेडकरनगर)। एनटीपीसी टांडा में शुक्रवार को हिंदी पखवाड़ा के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नीरज कुमार शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा विचारों के आदान प्रदान का सबसे सरल माध्यम है। इस भाषा को बढ़ावा देने के लिए सभी को हिंदी में ज्यादा से ज्यादा काम करने तथा बोलने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को हिंदी का महत्व समझाते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। गत दिनों हिंदी को लेकर हुई प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसी बीच कर्मचारियों ने स्वरचित कविता का पाठ किया। प्राथमिक विद्यालयों की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन पवन मोदी ने किया। धन्यवाद उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभात शर्मा ने किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष के साथ कई कर्मचारी मौजूद थे। संवाद

दिनाँक : 30 / 09 / 2023 हिन्दुस्तान

# भारतीय संस्कृति को जोड़ती है हिन्दी

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में हिंदी दिवस से शुरू हुए पखवाड़े का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कई प्रतियोगिता से हुआ। आयोजन किया गया अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि हिन्दी ने भारतीय साहित्य, संस्कृति, और इतिहास को गहरे संबंधों से जोड़ा है।

प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा ने कहा हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा होने के साथ ही हमारे समृद्ध विरासत का हिस्सा भी है। प्रोफेसर विश्वनाथ द्विवेदी ने कहा कि भारत अनेकता में एकता वाला देश है। अपने विविध धर्म, संस्कृति, भाषाओं और परंपराओं के साथ, भारत के लोग सद्भाव, एकता और सौहार्द के साथ रहते हैं।

दिनाँक : 01 / 10 / 2023 अमर उजाला

# शतरंज प्रतियोगिता में अवध विवि और केएनआई संयुक्त विजेता



अयोध्या।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध दो दिवसीय अंतर महा विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन दर्शन नगर स्थित गौतम बुद्ध राजकीय महाविद्यालय में किया गया। जिसमें कई महाविद्यालयों के शतरंज टीम ने प्रतिभाग किया।

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अवध विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ. आशीष प्रताप सिंह ने उपस्थित रहकर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

पर्यवेक्षक की भूमिका का निर्वहन डॉ अनिल मिश्रा व शिव करण सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में शतरंज के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अशुतोष पाण्डेय व रमेश सिंह रहे। उक्त प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में के एनआई सुल्तानपुर व डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। महिला वर्ग में के एन आई सुल्तानपुर विजेता व रमा बाई राजकीय पीजी कालेज अंबेडकर नगर उप विजेता रहा। महा विद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने अपने कर्तव्यों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया।

जिसमें डॉक्टर आनन्द कुमार मिश्रा क्रीड़ा प्रभारी/आयोजन सचिव की भूमिका में रहे व डॉ. निलय तिवारी ने संचालन किया। पुरस्कार का वितरण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ. सुनीता अवस्थी, जोखन सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार वर्मा व कार्यालय प्रभारी देवी प्रसाद उपस्थित रहे।

दिनाँक : 11/10/2023 दैनिक जागरण

# उत्तर प्रदेश

## संक्षिप्त समाचार



## जब रमाबाई महिला पीजी कॉलेज पहुंची उच्च शिक्षा राज्य मंत्री

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के पहले राज्यमंत्री का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्रोफेसरों द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर कक्षा संचालन एवं पाठन-पाठन की जानकारी ली, महाविद्यालय में घूमकर छात्राओं से संवाद किया इस दौरान उन्होंने छात्राओं से तमाम प्रश्न किये तथा छात्राओं के जवाब से संतुष्ट नजर आयी। कक्षाओं से निकलकर राज्यमंत्री ने पुस्तकालय, कम्प्यूटर सेन्टर एवं गृह विज्ञान लैब का भी निरीक्षण किया। पुस्तकालय में लाइब्रेरी आटोमेशन, ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था से प्रसन्न नजर आयी एवं लाइब्रेरी के अधिकतम प्रयोग हेतु कुछ सुझाव भी दिये। कम्प्यूटर सेन्टर में जाकर उन्होंने ने छात्राओं को शिक्षा में इसके नवोन्मेषी प्रयोग हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में राज्यमंत्री द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को संयुक्त रूप से केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की मौजूदा तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. सुधा, डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ. अरुणकांत गौतम, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. सीमा यादव, रवीन्द्र वर्मा, कुंवर संजय भारती, डॉ. पूनम, संगीता, चंद्रभान, डॉ. सुनीता सिंह, वालेन्तिना प्रिया, सीता पांडेय, डा. भानु प्रताप राय, डॉ. अनूप पांडेय, डॉ. राजेश यादव, डॉ. अजीत प्रताप सिंह डॉ. विजय प्रकाश सिंह, डॉ. महेन्द्र यादव, डॉ. अतुल कुमार कनौजिया आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 11 / 10 / 2023 हिन्दुस्तान

# राज्यमंत्री ने परखी कॉलेज की गुणवत्ता

**निरीक्षण**

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी मंगलवार को जिले में रहीं। अपने जनपदीय दौरे में उन्होंने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। खास तौर पर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने रमाबाई महिला महाविद्यालय का गहन निरीक्षण किया। हर कक्षा में जाकर कक्षा संचालन एवं पाठन-पाठन की जानकारी ली। परिसर में घूम घूमकर छात्राओं से संवाद किया। साथ ही छात्राओं से प्रश्न पूछा। छात्राओं के जवाब से वे संतुष्ट रहीं। वहीं पुस्तकालय, कम्प्यूटर सेन्टर एवं गृह विज्ञान लैब का भी निरीक्षण किया। पुस्तकालय में लाइब्रेरी आटोमेशन, ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था से प्रसन्न हुईं और लाइब्रेरी के अधिकतम प्रयोग का सुझाव भी दिया। कम्प्यूटर सेन्टर में छात्राओं को नवोन्मेषी प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं को केन्द्र तथा राज्य सरकार की मौजूदा तमाम योजनाओं की जानकारी दी। राज्यमंत्री रजनी तिवारी के रमाबाई पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह की अगुवाई में डॉ अरविंद कुमार वर्मा, डॉ सुधा, डॉ विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ अरुणकांत गौतम, डॉ मनोज गुप्ता ने स्वागत किया।

## शैक्षिक उन्नयन की संगोष्ठी को संबोधित किया

महावीर प्रसाद स्मारक महिला महाविद्यालय आसीपुर जलालपुर में शैक्षिक उन्नयन की संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कॉलेज के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने एमएलसी डॉ प्रज्ञा तिवारी और पूर्व विधायक सुभाष राय के साथ प्रतिभाग किया। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी को संबोधित किया। छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने का टिप्स दिया। प्रबंधक कमला प्रसाद वर्मा ने राज्यमंत्री का स्वागत किया। संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त पूर्व प्रधानाचार्य डॉ राम उजागिर वर्मा ने किया।

दिनाँक : 11 / 10 / 2023 अमर उजाला

# मंत्री ने लिया राजकीय पीजी कॉलेज का जायजा

अंबेडकरनगर। प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने मंगलवार को अकबरपुर नगर स्थित राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय के बेहतर उपयोग किए जाने को लेकर छात्राओं को प्रेरित किया। कंप्यूटर शिक्षा क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की सीख दी। राज्यमंत्री ने कॉलेज पहुंचकर अलग-अलग कक्षों व पठन-पाठन का जायजा लिया। छात्राओं से सीधा संवाद किया और भविष्य की कार्य योजना को लेकर चर्चा की।

मंत्री ने कहा कि सदैव एक लक्ष्य का निर्धारण कर आगे बढ़ना चाहिए। ऐसा करने से ही सफलता हाथ लगती है। कहा कि युवतियां प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्हें ऐसी युवतियों से प्रेरणा लेनी होगी। बाद में उन्होंने कंप्यूटर कक्षा, लाइब्रेरी, गृह विज्ञान लैब का भी जायजा लिया। इस दौरान प्राचार्या शेफाली सिंह, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. विश्वनाथ, डॉ. अरुणकांत, डॉ. मनोज, डॉ. सीमा, डॉ. नंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

उधर मंत्री ने जलालपुर के महावीर प्रसाद स्मारक महिला महाविद्यालय आसीपुर में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में भाग लेकर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक कमला प्रसाद, डॉ. रामउजागिर वर्मा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

दिनाँक : 13 / 10 / 2023 अमर उजाला

## रमाबाई को मिली बीबीए पाठ्यक्रम की मान्यता

अम्बेडकरनगर। नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तीन वर्षीय बीबीए (रिटेल) पाठ्यक्रम की मान्यता मिली है। मान्यता डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या ने प्रदान की है। प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने बताया कि 30 सीट पर प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

दिनाँक : 18 / 10 / 2023 अमर उजाला

## पर्यावरण को लेकर हों गंभीर : शेफाली

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर नगर स्थित राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज में मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया गया। प्राचार्या डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि लगातार वन के समाप्त होने व पहाड़ों को तोड़े जाने का प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। मौसम में परिवर्तन का मुख्य कारण पर्यावरण में बढ़ता प्रदूषण है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि न सिर्फ अधिक से अधिक पौधे लगाएं बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। (संवाद)

दिनाँक : 22 / 10 / 2023 आदित्य टाइम्स

हिन्दी दैनिक
आदित्य टाइम्स

## रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

आदित्य टाइम्स संवाद

अम्बेडकर नगर।मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत दिनांक 21 अक्टूबर,2023 को रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर,अंबेडकर नगर में प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह मार्गदर्शन व मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.पूनम मौर्या के संयोजकत्व में एन.एस.एस., रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रीनाथ पुरवा ग्राम में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव द्वारा महिलाओं हेतु चलाई जाने वाली कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान,सुकन्या समृद्धि योजना के विषय में विस्तार से जानकारी



दी। महाविद्यालय की छात्राओं को नारी वंदन अधिनियम– 2023 के विषय में जानकारी देते हुए रेंजर्स प्रभारी वेलेंतिना प्रिया ने बताया कि यह अधिनियम महिला उत्थान और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना व महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना है। बताते चले कि मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ महाविद्यालय में दिनांक 14 अक्टूबर 23 को कलश यात्रा निकालकर किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ करते हुए महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन को आगे बढ़ाने तथा छात्राओं के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण महिला तक पहुंचने का संकल्प लिया। दिनांक 18अक्टूबर,23 को छात्राओं को महिला सुरक्षा व सम्मान हेतु शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण की संयोजक डॉ पूनम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही वन स्टाफ वन सेंटर महिलाओं को एक स्थान पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराता है इस अवसर पर प्रो. अरविंद वर्मा,संगीता, विजयलक्ष्मी यादव, सीमा पांडेय,डॉ.सुनीता,डॉ. भानु प्रताप राय,डॉ.कुंवर संजय भारती,डॉ.अनूप पांडे, रवीन्द्र वर्मा, डॉ.अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. अरुणकांत,डॉ. अतुल कनौजिया, डॉ राजेश यादव,डॉ. नंदन, सतीश उपाध्याय एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 22 / 10 / 2023 विश्ववार्ता

# महिला योजनाओं के बारे में किया जागरुक

विश्ववार्ता संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत शनिवार को रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह मार्गदर्शन व मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.पुनम मौर्या के संयोजकत्व में एन.एस.एस., रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरुकता अभियान चलाया गया। श्रीनाथ पुरवा ग्राम में सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा यादव द्वारा महिलाओं हेतु चलाई जाने वाली कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान,सुकन्या समृद्धि योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की छात्राओं को नारी वंदन अधिनियम- 2023 के विषय में जानकारी देते हुए रेंजर्स प्रभारी वेलेंतिना प्रिया ने बताया कि यह अधिनियम महिला उत्थान और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना व महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना है। बताते चले कि मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ महाविद्यालय में दिनांक 14 अक्टूबर 23 को कलश यात्रा निकालकर किया गयाइस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ करते हुए महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन को आगे बढ़ाने तथा छात्राओं के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण महिला तक पहुंचने का संकल्प लिया। दिनांक 16अक्टूबर,23 को छात्राओं को महिला सुरक्षा व सम्मान हेतु शपथ दिलाई गई।

दिनाँक : 22 / 10 / 2023 संवाददाता

# मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में एन.एस.एस.रेंजर्स के संयुक्त तत्त्वाधान में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

संवाददाता



अम्बेडकर नगर। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर,अंबेडकर नगर में प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन व मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.पूनम मौर्या के संयोजकत्व में एन.एस.एस., रेंजर्स के संयुक्त तत्त्वाधान में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रीनाथ पुरवा ग्राम में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा यादव द्वारा महिलाओं हेतु चलाई जाने वाली कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान,सुकन्या समृद्धि योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की छात्राओं को नारी वंदन अधिनियम- 2023 के विषय में जानकारी देते हुए रेंजर्स प्रभारी वेलेंतिना प्रिया ने बताया कि यह अधिनियम महिला उत्थान और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना व महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना है। बताते चलें कि मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ महाविद्यालय में दिनांक 14 अक्टूबर 23 को कलश यात्रा निकालकर किया गयाइस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ करते हुए महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन को आगे बढ़ाने तथा छात्राओं के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण महिला तक पहुंचने का संकल्प लिया। दिनांक 16अक्टूबर,23 को छात्राओं को महिला सुरक्षा व सम्मान हेतु शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण की संयोजक डॉ पुनम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही वन स्टाफ वन सेंटर महिलाओं को एक स्थान पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर प्रो.अरविंद वर्मा,संगीता, विजयलक्ष्मी यादव, सीता पांडेय, डॉ.सुनीता,डॉ.भानु प्रताप राय, डॉ.कुंवर संजय भारती, डॉ.अनुप पांडे, रवीन्द्र वर्मा, डॉ.अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. अरुणकांत,डॉ अतुल कनौजिया, डॉ राजेश यादव,डॉ. नंदन, सतीश उपाध्याय एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 22 / 10 / 2023 लोकभारती



# रमाबाई महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति चतुर्थ चरण में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता का चला अभियान

लोक भारती न्यूज ब्यूरो





मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई करती छात्राएं

अंबेडकरनगर। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत शनिवार को रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह मार्गदर्शन व मिशन शक्ति प्रभारी डॉ.पूनम मौर्या के संयोजकत्व में एन.एस.एस., रेंजर्स के संयुक्त तत्त्वाधान में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रीनाथ पुरवा ग्राम में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सीमा यादव द्वारा महिलाओं हेतु चलाई जाने वाली कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान,सुकन्या समृद्धि योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की छात्राओं को नारी वंदन अधिनियम- 2023 के विषय में जानकारी देते हुए रेंजर्स प्रभारी वेलेंतिना प्रिया ने बताया कि यह अधिनियम महिला उत्थान और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना व महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना है। बताते चलें कि मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ महाविद्यालय में बीते 14 अक्टूबर 23 को कलश यात्रा निकालकर किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का शुभारंभ करते हुए महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन को आगे बढ़ने तथा छात्राओं के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण महिला तक पहुंचने का संकल्प लिया।वहीं बीते 16अक्टूबर को छात्राओं को महिला सुरक्षा व सम्मान हेतु शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण की संयोजक डॉ पूनम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही वन स्टाफ वन सेंटर महिलाओं को एक स्थान पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराता है । इस अवसर पर प्रो. अरविंद वर्मा, संगीता, विजयलक्ष्मी यादव, सीता पांडेय, डॉ.सुनीता, डॉ.भानु प्रताप राय, डॉ.कुंवर संजय भारती, डॉ.अनूप पांडे, रवीन्द्र वर्मा, डॉ.अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. अरुणकांत,डॉ अतुल कनौजिया, डॉ राजेश यादव,डॉ. नंदन, सतीश उपाध्याय एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 05 / 11 / 2023 संवाददाता

# राजकीय महिला महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

संवाददाता

अंबेडकर नगर। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत दिनांक रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय,अकबरपुर,अंबेडकर नगर में प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा कि योग और अच्छा पोषण आपके मस्तिष्क और शरीर को संतुलित करने के साथ भावनात्मक और शारीरिक कल्याण के लिए लाभदायक व उपयोगी है।अच्छा पोषण न केवल आपकी योग यात्रा में अंतर लाता है, बल्कि यह आपके समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी समर्थन करता है। इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में जागरूक करते हुए गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता एवं वी.प्रिया द्वारा छात्राओं को संतुलित आहार तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने वाली विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ एवं उनके समुचित उपयोग का ज्ञान प्रदान किया गया । चुप्पी तोड़ो कुछ तो बोलो' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रो. सुधा ,डॉ सुनीता सिंह एवं सीता पांडेय ने छात्राओं को अपनी बात खुलकर रखने हेतु अभिप्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अत्याचार तभी समाप्त हो सकते हैं जब उन पर खुलकर बात की जाए ,चुप रहना अपराध को बढ़ावा देता है । श्रीमती विजयलक्ष्मी द्वारा छात्राओं को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।साथ ही उन्होंने बताया कि योग, आधुनिक जीवन जीने का व सही जीवन जीने का विज्ञान है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह सप्ताह में एक बार सिर्फ दो घंटे की हॉबी क्लास नहीं है। योग में दिमाग को शांत करने, लचीलापन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का दोहन करने और एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करने के लिए तकनीकी प्रणालियां हैं। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के कार्यक्रम की प्रभारी डॉ पूनम ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो.अरविंद वर्मा, डॉ सीमा , डॉ मनोज गुप्ता,डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. अरुणकांत गौतम , डॉ अजीत प्रताप सिंह , चंद्रभान,डॉ राजेश यादव,डॉ. नंदन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 05 / 11 / 2023

# राजकीय महिला महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

अंबेडकर नगर। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत दिनांक रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय,अकबरपुर,अंबेडकर नगर में प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा कि योग और अच्छा पोषण आपके मस्तिष्क और शरीर को संतुलित करने के साथ भावनात्मक और शारीरिक कल्याण के लिए लाभदायक व उपयोगी है।अच्छा पोषण न केवल आपकी योग यात्रा में अंतर लाता है, बल्कि यह आपके समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी समर्थन करता है । इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में जागरूक करते हुए गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता एवं वी.प्रिया द्वारा छात्राओं को संतुलित आहार तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने वाली विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ एवं उनके समुचित उपयोग का ज्ञान प्रदान किया गया । चुप्पी तोड़ो कुछ तो बोलो' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रो. सुधा ,डॉ सुनीता सिंह एवं सीता पांडेय ने छात्राओं को अपनी बात खुलकर रखने हेतु अभिप्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अत्याचार तभी समाप्त हो सकते हैं जब उन पर खुलकर बात की जाए ,चुप रहना अपराध को बढ़ावा देता है । श्रीमती विजयलक्ष्मी द्वारा छात्राओं को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।साथ ही उन्होंने बताया कि योग, आधुनिक जीवन जीने का व सही जीवन जीने का विज्ञान है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह सप्ताह में एक बार सिर्फ दो घंटे की हॉबी क्लास नहीं है। योग में दिमाग को शांत करने, लचीलापन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का दोहन करने और एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करने के लिए तकनीकी प्रणालियां हैं। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के कार्यक्रम की प्रभारी डॉ पूनम ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो.अरविंद वर्मा, डॉ सीमा , डॉ मनोज गुप्ता,डॉ.अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. अरुणकांत गौतम , डॉ अजीत प्रताप सिंह , चंद्रभान,डॉ राजेश यादव,डॉ. नंदन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 05/11/2023 विश्ववार्ता

# योग आधुनिक जीवन जीने का विज्ञान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत शनिवार को रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य व संरक्षक प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह ने कहा कि योग और अच्छा पोषण आपके मस्तिष्क और शरीर को संतुलित करने के साथ भावनात्मक और शारीरिक कल्याण के लिए लाभदायक व उपयोगी है।अच्छा पोषण न केवल आपकी योग यात्रा में अंतर लाता है, बल्कि यह आपके समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी समर्थन करता है। इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में जागरूक करते हुए गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर संगीता एवं वी.प्रिया द्वारा छात्राओं को संतुलित आहार तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने वाली विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ एवं उनके समुचित उपयोग का ज्ञान प्रदान किया गया । चुप्पी तोड़ो कुछ तो बोलो' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रो. सुधा ,डॉ सुनीता सिंह एवं सीता पांडेय ने छात्राओं को अपनी बात खुलकर रखने हेतु अभिप्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अत्याचार तभी समाप्त हो सकते हैं जब उन पर खुलकर बात की जाए ,चुप रहना अपराध को बढ़ावा देता है । विजयलक्ष्मी द्वारा छात्राओं को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

04 विश्ववार्ता
लखनऊ, रविवार, 5 नवंबर 20

दिनाँक : 05 / 11 / 2023 खरी कसौटी

# योग और अच्छा पोषण आपके मस्तिष्क और शरीर को संतुलित करने के उपयोगी है- प्रो. शेफाली सिंह

खरी कसौटी



अम्बेडकर नगर मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अंतर्गत रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर, में प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा कि योग और अच्छा पोषण आपके मस्तिष्क और शरीर को संतुलित करने के साथ भावनात्मक और शारीरिक कल्याण के लिए लाभदायक व उपयोगी है।अच्छा पोषण न केवल आपकी योग यात्रा में अंतर लाता है, बल्कि यह आपके समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी समर्थन करता है इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में जागरूक करते हुए गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता एवं बी.प्रिया द्वारा छात्राओं को संतुलित आहार तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने वाली विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ एवं उनके समुचित उपयोग का ज्ञान प्रदान किया गया ।'चुप्पी तोड़ो कुछ तो बोलो' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रो. सुधा , डॉ सुनीता सिंह एवं सीता पांडेय ने छात्राओं को अपनी बात खुलकर रखने हेतु अभिप्रेरित किया।साथ ही उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अत्याचार तभी समाप्त हो सकते हैं जब उन पर खुलकर बात की जाए ,चुप रहना अपराध को बढ़ावा देता है ।श्रीमती विजयलक्ष्मी द्वारा छात्राओं को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।साथ ही उन्होंने बताया कि योग, आधुनिक जीवन जीने का व सही जीवन जीने का विज्ञान है और इसे हमारे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह सप्ताह में एक बार सिर्फ दो घंटे की हॉबी क्लास नहीं है । योग में दिमाग को शांत करने, लचीलापन बनाए रखने, शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का दोहन करने और एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करने के लिए तकनीकी प्रणालियां हैं। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के कार्यक्रम की प्रभारी डॉ पूनम ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो.अरविंद वर्मा, डॉ सीमा , डॉ मनोज गुप्ता,डॉ.अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. अरूणकांत गौतम , डॉ अजीत प्रताप सिंह , चंद्रभान,डॉ राजेश यादव,डॉ. नंदन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

दिनाँक : 21 / 11 / 2023 अमर उजाला

# बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की दी गई जानकारी

संवाददाता, अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह के दिशा निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत चयनित ग्रामों बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को कौमी एकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया । साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई । इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह द्वारा कौमी एकता की शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर मुख्य शास्ता प्रो अरविंद कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा यादव, प्रो अरुण कांत गौतम, सतीश कुमार उपाध्याय, रवींद्र वर्मा, डॉ नंदन सिंह, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रभान, डॉ अनूप पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

फास्ट ट्रैक

# स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में फैलाई जन जागरूकता

अम्बेडकर नगर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, में प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह के दिशा निर्देश में योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत चयनित ग्रामों बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में



राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को कौमी एकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया । साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई । इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह द्वारा कौमी एकता की शपथ भी दिलाई गई । इस अवसर पर मुख्य शास्ता प्रो अरविंद कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा यादव, प्रो अरुण कांत गौतम, सतीश कुमार उपाध्याय, रवींद्र वर्मा, डॉ नंदन सिंह, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रभान, डॉ अनूप पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

दिनाँक : 21 / 11 / 2023 अम्बेडकरनगर हिन्दी दैनिक

**(3) अम्बेडकरनगर हिन्दी दैनिक**

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आये

अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर शेफाली सिंह के दिशा निर्देश में दिनाँक 21 / 11 / 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शिविर के अंतर्गत चयनित ग्रामों बरवा नासिरपुर एवं सुद्धारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयं



द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को कौमी एकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत ही महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई । इसके साथ ही राष्ट्री स्वयंसेविकाओं को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह द्वारा कौमी एकता की शपथ भी दिल

इस अवसर पर मुख्य शास्ता प्रो अरविंद कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्र अधिकारी डॉ सीमा यादव, प्रो अरुण कांत गौतम, सतीश कुमार उपाध्याय, रवींद्र वर्मा, डॉ नंदन सिंह, सिंह, चन्द्रभान, डॉ अनूप पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित

दिनाँक : 22 / 11 / 2023 अमर उजाला

# नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक

## रमाबाई पीजी कॉलेज की छात्राओं ने बरवां नासिरपुर में चलाया अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज में मंगलवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन हुआ। छात्राओं ने बरवां नासिरपुर व सुद्धारी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया। साथ ही कौमी एकता की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शेफाली सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्चन कर किया। कहा कि इस प्रकार के शिविर में भागीदारी करने से समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरणा मिलती है। सभी को ऐसे शिविर में भागीदारी करनी चाहिए। साथ ही इसमें मिलने वाली जानकारियों को अपने जीवन में उतारने के साथ ही दूसरों को भी प्रेरित




अकबरपुर में लोगों को जागरूक करतीं रमाबाई पीजी कॉलेज की छात्राएं। संवाद

करें। एनएसएस प्रभारी डॉ. भानुप्रताप राय व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव के नेतृत्व में छात्राओं ने बरवां नासिरपुर व सुद्धारी पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के जरिए महिलाओं को जागरूक किया।

कहा गया कि महिलाओं को अपना अधिकार हासिल करने के लिए साक्षर होना होगा। बाद में वहां मौजूद लोगों को कौमी एकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, रवींद्र वर्मा, नंदन सिंह, डॉ. चंद्रभान, डॉ. अनूप पांडेय, डॉ. विजयलक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 22/11/2023 हिन्दुस्तान

# लोगों को किया जागरूक कौमी एकता की शपथ ली

**जनजागरण**

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ।

शिविर के तहत कालेज से चयनित मोहल्लों बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर जागरूकता का अभियान चलाया। मोहल्लों में कौमी एकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों की नागरिकों को जानकारी दी।

वहीं महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य प्रो शैफाली सिंह ने कौमी एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा यादव, प्रो. अरुण कांत गौतम, सतीश कुमार उपाध्याय, रवींद्र वर्मा, डॉ नंदन सिंह, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रभान, डॉ अनूप पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

दिनाँक : 2/12/2023 हिन्दुस्तान

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

**अभियान**

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। विश्व एड्स दिवस पर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर कालेज अकबरपुर में जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ।

बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्राओं ने एचआईवी एड्स पर जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बताया कि एचआईवी या एड्स एक वायरस से होता है।

यह यौन संपर्क, संक्रमित इंजेक्शन, नशीली दवाओं के उपयोग या सुइयों को साझा करने, संक्रमित रक्त के संपर्क से, या गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में फैल



नाटक दिखा बताती रमाबाई की छात्राएं

सकता है। साथ ही एड्स के बारे में आम जनमानस में फैली शंकाओं को दूर करते हुए छात्राओं ने बताया कि आप सामान्य संपर्क से एचआईवी से संक्रमित नहीं हो सकते हैं।

इसके पूर्व कालेज से इन मोहल्लों तक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ सीमा यादव, प्रो. सुधा, प्रो. अरुण कांत गौतम, सतीश कुमार उपाध्याय, कृष्ण कुमार उपाध्याय, रवींद्र वर्मा, डॉ अतुल कुमार कन्नौजिया, डॉ नंदन सिंह, कुंवर संजय कुमार भारती, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, वालेंटिना प्रिया, डॉ पूनम, चन्द्रभान, डॉ अनूप कुमार पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव, रेड रिबन क्लब प्रभारी सीता पाण्डेय, डॉ सुनीता सिंह, डॉ अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

दिनाँक : 2 / 12 / 2023 अमर उजाला

अमर उजाला 3
amarujala.com/lucknow

# ...खिलाफ जगाई अलख

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक



बरवा नासिरपुर में ग्रामीणों को जागरूक करतीं रमाबाई महाविद्यालय की छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को एक दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन हुआ। इसमें छात्राओं ने निकटवर्ती गांव में अभियान चलाकर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया।

प्राचार्य डॉ. शेफाली के नेतृत्व में छात्राओं ने मुड़ारी व बरवां नासिरपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कहा कि छुआछूत से एड्स नहीं होता। इसलिए एड्स पीड़ित के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। छात्राओं ने समझाया कि एक ही सिरिंज का प्रयोग कई लोगों को इंजेक्शन लगाने में नहीं करना चाहिए। हाथ मिलाने, गले लगने, पीड़ित का साबुन व कंघा प्रयोग करने से रोग नहीं फैलता।

जागरूकता के आधार पर ही एड्स जैसी जानलेवा बीमारी पर पूरी तरह से अंकुश पाया जा सकता है। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. भानुप्रताप, डॉ. सीमा यादव, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. सुधा, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. पूनम, डॉ. नंदन आदि मौजूद रहे।

दिनाँक : 6 / 12 / 2023 हिन्दुस्तान

खेल | अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता, एकलव्य स्टेडियम में आयोजित हुई है प्रतियोगिता, दूसरे दिन एथलीटों ने दिखाए जौहर

# 100 मीटर दौड़ में बभनान पीजी कॉलेज की अंतिमा प्रथम रहीं

[illegible]

## कबड्डी में इंदौरपुर उर्फ धिनहापुर ने दर्ज की जीत

[illegible]



कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

[illegible]

दिनाँक : 7 / 12 / 2023 अमर उजाला

# ऊंची कूद में अंकुर व अंतिमा अव्वल

## राजकीय एकलव्य स्टेडियम में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय एकलव्य स्टेडियम में चल रही चार दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में बुधवार को दौड़, ऊंची कूद, भाला फेंक समेत कई अन्य खेल प्रतियोगिताएं हुईं। दो सौ मीटर दौड़ में अंकुर व अंतिमा, तो ऊंची कूद में सतीश व मनीषा ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, अयोध्या समेत कई अन्य जनपद के खिलाड़ियों ने भागीदारी की।

आयोजन समिति से जुड़े संजय राजभर ने बताया कि पुरुष वर्ग में दो सौ मीटर दौड़ में नंदिनीनगर महाविद्यालय के अंकुर ने जीत दर्ज की जबकि देवंद्रावती महाविद्यालय के अश्विनी यादव को दूसरा व नंदिनीनगर के आदर्श पांडेय को तीसरा स्थान मिला। ऊंची कूद में नंदिनीनगर पीजी कॉलेज के सतीश ने बाजी मारी। भानुमती महाविद्यालय के अभिषेक व राणाप्रताप पीजी कॉलेज के अनिल कुमार को दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।



एकलव्य स्टेडियम में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित। अमर

पैदल चाल में गनपत सहाय महाविद्यालय के विकास पाल ने जीत दर्ज की। भाला फेंक में देवंद्रावती पीजी कॉलेज के रिंकू यादव को जीत मिली। वहीं के अरविंद को दूसरा व नंदिनीनगर महाविद्यालय के तनवीर अहमद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में दो सौ मीटर दौड़ में आचार्य नरेंद्रदेव महाविद्यालय की अंतिमा ने देवंद्रावती पीजी कॉलेज की प्रियंका व यहीं की हसीकन्निसा को पीछे छोड़ा। ऊंची कूद में नंदिनीनगर पीजी कॉलेज की मनीषा ने बाजी मारी।

इसी प्रतियोगिता में बैद्यनाथ शिवकला पीजी कॉलेज की खुशबू और आरआर पीजी कॉलेज की रिया को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल हुआ। पैदल चाल में देवंद्रावती पीजी कॉलेज की कोमल पाल को जीत मिली जबकि नंदिनीनगर की मानसी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

भाला फेंक में बैजनाथ शिवकला पीजी कॉलेज की प्रीति वर्मा ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में आरआर पीजी कॉलेज की कंचन मौर्य को दूसरा स्थान हासिल हुआ। वहीं रमाबाई पीजी कॉलेज की सुप्रिया वर्मा को तीसरा स्थान मिला।

दिनाँक : 7 / 12 / 2023 अमर उजाला

uth
शिक्षा-संस्कृति-समाज
my city
लखनऊ | बृहस्पतिवार • 07.12.2023
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow

# बाबा साहब ने समाज को दी नई दिशा

## परिनिर्वाण दिवस पर डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, जिले भर में सरकारी कार्यालयों पर हुए आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी





महिलाओं को
बनने के टिप्स

विवेक को मि

दिनाँक : 7 / 12 / 2023 हिन्दुस्तान

# आधुनिक भारत के निर्माता थे आम्बेडकर

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में डॉ आम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मना। प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में हिंदी विभाग के डॉ अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर आधुनिक भारत के निर्माता एवं सामाजिक न्याय के जनक थे। भारत के तात्कालिक सामाजिक राजनीतिक और धार्मिक चुनौतियों से लड़ते हुए देश की आधी आबादी, दलित, मजलूमों के लिए सामाजिक मुख्य धारा के दरवाजे खोल दिए।

दिनाँक : 7 / 12 / 2023 दैनिक जागरण

दैनिक जागरण अकबरपुर, 7 दिसंबर, 2023 — अंबेडकरनगर जागरण

## प्रधानमंत्री आवास योजना से महिलाएं बनीं मालकिन



## ऊंची कूद में सतीश, भाला फेंक में प्रीती अव्वल



दिनाँक : 17 / 12 / 2023 खरी कसौटी

# सड़क के नियमों का पालन करना अपने ही नहीं, दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित करना है- शेफाली सिंह

खरी कसौटी



अम्बेडकर नगर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के द्वारा महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्राओं व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी । तदुपरांत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा लोगों में जागरूकता हेतु सड़क सुरक्षा रैली निकालकर लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के उपायों का पालन करना, अपने ही नहीं बल्कि दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित एवं संरक्षित करना है। सभी को वाहन चलाते समय या सड़क पर चलते समय दूसरों का सम्मान करना चाहिए और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। आज के समय मे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या काफी बढ़ गयी है और इस समस्या का कोई एक कारण नही है वास्तव में ऐसे कई सारे कारण है। जो सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं जैसे द्रा यातायात नियमों की जानकारी न होना, सड़को की स्थिति ठीक न होना, वाहन चलाते वक्त सुरक्षा सावधानियां न बरतना आदि। हमारे देश में दिन-प्रतिदिन बढ़ती वाहनों की संख्या को देखते हुए यह काफी आवश्यक हो चुका है कि हम सड़क सुरक्षा से जुड़े मानकों को अनिवार्य रुप से अपनायें क्योंकि मात्र इसी के द्वारा ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। साथ ही बताते चलें कि मिशन शक्ति के अंतर्गत आज निर्भया दिवस के अवसर पर प्राचार्य महोदया ने छात्रों को बताया कि अकेले एवं सुनसान, एकांत रास्ते पर न चले तथा अकेले बस एवं अन्य गाड़ियों में सफर न करें, कोशिश करें सरकारी वाहनों का ही प्रयोग करें। जिस व्यक्ति पर आशंका या भय लगता हो इसकी सूचना आप अपने परिवार को अवश्य दें। इस अवसर पर प्रो. अरविंद वर्मा, प्रो. सुधा, प्रो. विश्वनाथ द्विवेदी, प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ पूनम मौर्या, डॉ अतुल कनौजिया, डॉ महेंद्र यादव, रवीन्द्र वर्मा, डॉ अनूप पांडेय, बी. प्रिया, संगीता, सीता पांडेय, डॉ विजय प्रकाश सिंह, डॉ राजेश यादव आदि उपस्थित रहे ।

दिनाँक : 18 / 12 / 2023 हिन्दुस्तान

## सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में शनिवार को सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने छात्राओं व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। व छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली।

सड़क सुरक्षा रैली के पूर्व प्राचार्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना खुद ही नहीं बल्कि दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित करता है। सभी को वाहन चलाते समय या सड़क पर चलते समय दूसरों का सम्मान करना चाहिए और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। कहा कि बढ़ी दुर्घटनाओं की संख्या कारण नियमों को अनदेखी करना है। दिन-प्रतिदिन बढ़ते वाहनों की संख्या को देखते हुए यह काफी आवश्यक हो चुका है कि सभी सड़क सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करें।

दिनाँक : 10 / 01 / 2024 हिन्दुस्तान

## छात्राओं को दिया टैबलेट एवं स्मार्टफोन



रमाबाई महिला महाविद्यालय अकबरपुर में स्मार्ट फोन के साथ मौजूद छात्राएं • हिन्दुस्तान

संसू, अंबेडकरनगर: रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त करने में स्वामी विवेकानंद तकनीकी सशक्तिकरण योजना से टैबलेट एवं स्मार्टफोन दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा एवं महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं और युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष करने में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। कौशल विकास, शिक्षण, प्रशिक्षण तथा करियर में यह सहायक होंगे। छात्राओं से इसका उपयोग अध्ययन एवं वैश्विक रूप से जुड़कर तकनीकी दक्षता प्राप्त करने के लिए कहा। आयोजन का संचालन डा. सौम्या यादव ने किया। यहां प्रोफेसर अरविंद वर्मा, सुषमा, अनूप, सतीश उपाध्याय, सीता पांडेय, कृष्णकुमार विश्वकर्मा, रवींद्र वर्मा, डा. भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती, डा. अखिलेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहीं।

दिनाँक : 11 / 01 / 2024 विश्ववार्ता

**विश्व हिंदी दिवस** | हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है

# हिन्दी बोलना कमजोरी नहीं, ताकत महसूस करने की जरूरत

» वर्ष 2006 में पहला विश्व हिंदी दिवस सम्मेलन नागपुर में आयोजित हुआ था

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज विश्व हिंदी दिवस है। हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2006 में पहला विश्व हिंदी दिवस सम्मेलन नागपुर में आयोजित हुआ था।

इसके बाद से प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है हर साल हिंदी दिवस अलग-अलग थीम पर मनाया जाता है। इस साल विश्व हिन्दी दिवस सम्मेलन की थीम 'हिन्दी पारंपरिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता' पर केंद्रित है। विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय दूतावास भी प्रत्येक वर्ष हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। हिंदी विभाग प्रभारी प्रोफेसर सुधा ने कहा कि हिन्दी भाषियों के लिए यह गौरवपूर्ण दिन होता है। दुनियाभर में हिन्दी भाषियों को एकजुट करने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है। साथ ही हिन्दी की उपयोगिता से लोगों को अवगत कराना भी विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य है। इस दिन को मनाने की शुरुआत दस जनवरी 1975 से हुई।

साथ ही उन्होंने बताया कि पहला विश्व हिंदी सम्मेलन में लगभग 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इसके बाद यूरोपीय देश नार्वे में भारतीय दूतावास ने पहला विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। भारत 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाता है।


दीप प्रज्वलित करती प्राचार्य शेफाली सिंह

हिन्दी हमारी राजभाषा है और उत्तर भारत के कई राज्यों की प्रमुख भाषा है। हिन्दी भारत के अलावा भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, श्रीलंका में भी बोली जाती है। विश्व के कई देशों में लोकप्रिय है। इस दिवस का उद्देश्य भारतीय भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे विश्व भर में वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। इसे भारतीय भाषा के प्रयोग के बारे में जागरूकता फैलाने और हिन्दी भाषा के उपयोग एवं प्रचार से संबद्ध मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिये भी प्रयुक्त किया जाता है। महाविद्यालय के मुख्य वक्ता डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी भाषियों के योगदान का सम्मान करने, भाषा के महत्व को समझने और लोगों को इसके महत्व के बारे में बताने के लिए मनाया जाता है।

ऐसे में हम सभी को मिलकर निर्धारित तिथि पर विश्व हिन्दी दिवस मनाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी को इसके बारे में पता चले। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. सीमा यादव, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. पूनम, डॉ. अनुप पांडेय, सीमा पांडेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रतीक्षा उपाध्याय, डॉ. भानु प्रताप राय, कुमार संजय भारती, डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, चंद्रभान, डॉ. गौतम सिंह, डॉ. अतुल कुमार कनौजिया, व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

दिनाँक : 13 / 01 / 2024 हिन्दुस्तान

**युवा दिवस** | मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती, हुए विविध कार्यक्रम, युवा महोत्सव पर मुख्यमंत्री के प्रेरक विचारों का लाइव प्रसारण भी देखा गया

# मुख्यमंत्री का संबोधन सुना, स्वामी विवेकानंद को नमन किया

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया गया। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति करो, इस वाक्य के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन की स्मृतियों को ताजा किया। उन्होंने गीता के कर्मयोग की तर्ज पर जीवन को एक कर्मयोगी की भांति जीने की सलाह दी। मुख्य वक्ता डॉ विश्वनाथ द्विवेदी ने विवेकानंद के जीवन और साहित्य से जुड़े विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्राओं और उपस्थित समूह को ओतप्रोत किया। इस दौरान युवा महोत्सव पर मुख्यमंत्री के प्रेरक विचारों का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर डॉ. अरविन्द, डॉ. सुधा, डॉ. पूनम, डॉ. अखिलेन्द्र, डॉ. मनोज, विजय लक्ष्मी, सुनील, डॉ. सीमा, सीमा, चन्द्रभान, डॉ. अनुप, डॉ. सीमा, रवीन्द्र, डॉ. अतुल, डॉ. मनोज, डॉ. अतुल, डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. अनीता, कुमार संजय भारती, डॉ. गौतम, भुवनेश व अन्य मौजूद रहे।


[illegible] में कार्यक्रम का शुभारम्भ करती प्राचार्या।


[illegible] पीजी कॉलेज अकबरपुर में स्वच्छता अभियान चलाती एनसीसी कैडेट्स

युवा शक्ति दिवस में [illegible], बसखारी। नगर के [illegible] महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान [illegible] विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए भाषण का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. सिद्धार्थ पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में डॉ कमल कुमार तिवारी ने विवेकानंद के विचारों का स्मरण करके, छात्रों को उनके पथ पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर डा [illegible] अनिल, आशीष, विजय, डॉ. सतीश, मनोज श्रीवास्तव, लेफ्टिनेंट डॉ विवेक तिवारी, विकास गुप्ता, सुरेश सिंह, दिनेश कुमार, संजय कुमार, शशिकांत तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

**[illegible] एकेडमी में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस**

अम्बेडकरनगर। [illegible] एकेडमी इंटरनेशनल [illegible] में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि [illegible] ने की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में [illegible] तिवारी, [illegible] सिंह, [illegible] व अन्य मौजूद रहे।

दिनाँक : 13 / 01 / 2024 आदित्य टाइम्स

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जयन्ती का भव्य आयोजन

आदित्य टाइम्स संवाद

अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जयन्ती का भव्य आयोजन किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया प्राचार्य जी ने उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो इस आप्त वाक्य के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन की स्मृतियों को ताजा किया।



उन्होंने गीता के कर्मयोग की तर्ज पर जीवन को एक कर्मयोगी की भांति जीने की सलाह दी। युवा शब्द की व्याख्या करते हुए उसे ऊर्जा, उत्साह और उमंग से प्रेरित बताया। मुख्य वक्ता डॉ० विश्वनाथ द्विवेदी ने विवेकानंद के जीवन और साहित्य से जुड़े विभिन्न प्रसंगो के माध्यम से छात्राओं और उपस्थित समूह को अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने युवा महोत्सव पर मुख्यमंत्री के प्रेरक विचारो का लाइव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो.अरविन्द वर्मा, प्रो.सुधा, डा० पूनम डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह , डॉ० मनोज गुप्ता, विजयलक्ष्मी, संगीता,डॉ सीमा यादव,सीता पाण्डेय, चन्द्रभान, डॉ० नन्दन सिंह, डॉ० वी० पी० सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डॉ० अनूप पाण्डेय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डा. अतुल कनौजिया, डॉ भानु प्रताप राय,डॉ. अजीत प्रताप सिंह,कुंवर संजय भारती, डॉ० महेन्द्र यादव, युजवेन्द्र गौड ,समस्त शिक्षकगण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

दिनाँक : 13 / 01 / 2024 आदित्य उपाध्याय

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती का भव्य आयोजन

**आयोजन**

अम्बेडकरनगर

आदित्य उपाध्याय

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जयन्ती का भव्य आयोजन किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । प्राचार्य जी ने "उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो" इस आप्त वाक्य के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन की स्मृतियों को ताजा किया । उन्होंने गीता के कर्मयोग की तर्ज पर जीवन को एक कर्मयोगी की भांति जीने की सलाह दी। युवा शब्द की व्याख्या करते हुए उसे ऊर्जा, उत्साह और उमंग से प्रेरित बताया। मुख्य वक्ता डॉ० विश्वनाथ द्विवेदी ने विवेकानंद के जीवन और साहित्य से जुड़े विभिन्न प्रसंगो के माध्यम से छात्राओं और उपस्थित समूह को




अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने युवा महोत्सव पर मुख्यमंत्री के प्रेरक विचारों का लाइव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो.अरविन्द वर्मा, प्रो.सुधा, डा० पूनम डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह , डॉ० मनोज गुप्ता, विजयलक्ष्मी, संगीता,डॉ सीमा यादव,सीता पाण्डेय, चन्द्रभान, डॉ० नन्दन सिंह, डॉ० वी० पी० सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डॉ० अनूप पाण्डेय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डा. अतुल कनौजिया, डॉ भानु प्रताप राय,डॉ. अजीत प्रताप सिंह,कुंवर संजय भारती, डॉ० महेन्द्र यादव, युजवेन्द्र गौड ,समस्त शिक्षकगण तथा छात्राएं उपस्थित रहीं ।

## दिनाँक : 13 / 01 / 2024 वायस ऑफ अमेठी

# महाविद्यालय में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जयंती

(वायस ऑफ अमेठी) अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के अन्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जयन्ती का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्राचार्य जी ने 'उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो' इस अमर वाक्य के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन की स्मृतियों को ताजा किया। उन्होंने गीता के कर्मयोग की तर्ज पर जीवन को एक कर्मयोगी की भांति जीने की सलाह दी। युवा शब्द की व्याख्या करते हुए उसे ऊर्जा, उत्साह और उमंग से प्रेरित बताया। मुख्य वक्ता डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी ने विवेकानंद के जीवन और साहित्य से जुड़े विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्राओं और उपस्थित समूह को अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित वर्गों ने युवा महोत्सव पर युवामंत्री के प्रेरक विचारों का लाइव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो.अरविन्द वर्मा, प्रो.सुधा, डा0 पूनम डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, विजयलक्ष्मी, संगीता,डॉ सीमा यादव,सीता पाण्डेय, चन्द्रभान, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 वी0 पी0 सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डॉ0 अतुल पाण्डेय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डा. अतुल कनौजिया, डॉ भानु प्रताप राय,डॉ. अजीत प्रताप सिंह,कुंवर संजय भारती, डॉ0 महेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र गौड़ ,आकाश सिककरवार तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।



## दिनाँक : 25 / 01 / 2024 दैनिक जागरण

# लोकतंत्र में प्रत्येक वोट की भूमिका महत्वपूर्ण

संसू, अंबेडकरनगर: भारत का नागरिक होने से प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व लोकतंत्र के निर्माण में भागीदारी निभाना होता। मताधिकार का प्रयोग करके योग्य और स्थाई सरकार चुनने में चूकना और अनदेखी करना देश के प्रति अन्याय है। पहली जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक युवा को मतदाता बनकर मतदान अवश्य करना है। प्रेरणा की इन लाइनों को लेकर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर की छात्राएं व शिक्षक मतदाताओं को जगाने निकल पड़े हैं। प्रत्येक युवा तथा मतदाता को लोकतंत्र के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराने के साथ अपने आसपास लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के निर्देशन, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर डा. मनोज गुप्त के संयोजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. भानुप्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी डा.सीमा यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय विशेष शिविर में चयनित ग्रामों बरवां नासिरपुर एवं सुइयारी में राष्ट्रीय सेवायोजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। ग्रामीणों को मतदाता बनने, अनिवार्य मतदान करने एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। सभी नागरिक को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का तहत मत देने का अधिकार दिया गया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसकी नींव मताधिकार पर रखी जाती है। उक्त प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार दिया जाय। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में चुनावी जागरूकता लाना एवं उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मतदाताओं, विशेष रूप से नए युवा मतदाताओं के नामांकन की सुविधा के लिए किया जाता है। बताया गया कि निर्वाचक सूची में पंजीकरण या निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की सहायता के लिए कोई भी नागरिक वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर निश्शुल्क काल कर सकते हैं। सभी प्रारूपों को नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकते हैं। यहां प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा, प्रोफेसर सुधा, प्रोफेसर विश्वनाथ द्विवेदी, प्रोफेसर अरुणकांत गौतम, डा. सतीश कुमार उपाध्याय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, रवींद्र वर्मा, डा.अतुल कुमार कनौजिया, डा. नंदन सिंह, कुंवर संजय भारती, वालेंतिना प्रिया, डा. पूनम, चंद्रभान, डा. अनूप पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव, सीता पांडेय, डा. सुनीता सिंह ने जागरूक किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



रमाबाई महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं • जागरण

दिनाँक : 25/01/2024 लोक भारती

# रमाबाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



मतदाता जागरूकता रैली मे शामिल प्रोफेसर व छात्राएं

## नुक्कड़ नाटक की भी की गई प्रस्तुति

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह के निर्देशन, डॉ मनोज गुप्ता जिला स्वीप कोआर्डिनेटर एन०एस०एस० के संयोजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ सीमा यादव के नेतृत्व में बुधवार को एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता से सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके तहत चयनित ग्रामों बरवां नासिरपुर एवं सुल्तानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को मतदाता बनने, अनिवार्य मतदान करने एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए बताया गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 325 में यह उपबंध है कि कोई भी व्यक्ति केवल धर्म, वर्ग, जाति, लिंग या इनमें से किसी भी आधार पर निर्वाचक नामावली में शामिल होने के लिए अयोग्य नहीं होगा । इसके अलावा अनुच्छेद 326 में देश के प्रत्येक नागरिक को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का तहत मत देने का अधिकार दिया गया है।मतदान के महत्व के बारे में बताया गया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाय। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। इस अवसर पर ग्रामवासियों को बताया गया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में चुनावी जागरूकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है । राष्ट्रीय मतदाता दिवस का इस्तेमाल मतदाताओं, खासतौर पर नए युवा मतदाताओं के नामांकन की सुविधा के लिए भी किया जाता है।

ग्रामवासियों को स्वयंसेविकाओं द्वारा यह भी बताया गया कि निर्वाचक सूची में पंजीकरण या निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में किसी भी तरह की सहायता के लिए कोई भी नागरिक वोटर हेल्प लाईन संख्या - 1950 ( निःशुल्क ) पर कॉल कर सकते हैं। साथ ही पंजीकरण से संबंधित सभी प्रारूपों को नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल - www.nvsp.in वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, प्रो. सुधा,प्रो विश्वनाथ द्विवेदी,प्रो अरुण कांत गौतम, डॉ. सतीश कुमार उपाध्याय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, रवींद्र वर्मा, डॉ अतुल कुमार कन्नौजिया, डॉ नंदन सिंह, कुँवर संजय भारती, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, वालेंतिना प्रिया, डॉ पूनम, चन्द्रभान, डॉ अनूप पांडेय, विजय लक्ष्मी यादव, सीता पाण्डेय, डॉ सुनीता सिंह, डॉ अजीत प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

दिनाँक : 25 / 01 / 2024 हिन्दुस्तान

# बिना डरे और लालच के अवश्य करें मतदान

**मतदाता दिवस**

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। राष्ट्रीय मतदाता दिवस गुरुवार को है। 14वें राष्ट्रीय दिवस पर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। दिवस का मुख्य आयोजन गुरुवार को है मगर हजरत अली के जन्म दिवस के अवकाश के चलते बुधवार को एक दिन पूर्व राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के निर्देशन, डॉ मनोज गुप्ता जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर एनएसएस के संयोजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ सीमा यादव के नेतृत्व में बुधवार को



नागरिकों को जागरूक करती रमाबाई की छात्राएं

एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के तहत मतदाता जागरूकता से सम्बंधित कार्यक्रम हुआ। इसके तहत बरवां नासिरपुर एवं सुल्तानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदाता बनने, अनिवार्य रूप से मतदान करने, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 325 में यह उपबंध है कि कोई भी व्यक्ति केवल धर्म, वर्ग, जाति, लिंग या इनमें से किसी भी आधार पर निर्वाचक नामावली में शामिल होने के लिए अयोग्य नहीं होगा। इसके अलावा अनुच्छेद 326 में देश के प्रत्येक नागरिक को सार्वभौमिक वयस्क को मत देने का अधिकार दिया गया है। मतदान के महत्व के बारे में बताया गया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाय। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक लोकतांत्रिक समझा जाता है।

दिनाँक : 10 / 02 / 2024 हिन्दुस्तान

# 200 मीटर दौड़ में संजू प्रथम, सलमा बानो दूसरे स्थान पर रहीं

- रमाबाई विद्यालय में दो दिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू की गई
- आज होगा 25वें खेलकूद प्रतियोगिता समारोह का समापन

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दो दिनी 25वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुक्रवार को शुरू हुआ। क्रीड़ा समारोह का रंगारंग शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा रहे। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के साथ मां भारती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित शुभारंभ किया। छात्राओं ने वंदना एवं स्वागत गीत गाया। प्राचार्य ने पालिका अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

क्रीड़ा प्रतियोगिता के गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभा सिंह ने, द्वितीय स्थान पल्लवी उपाध्याय ने, तृतीय स्थान सुप्रिया वर्मा ने प्राप्त किया।



प्रतिभागी छात्रा को शील्ड देते पालिका अध्यक्ष।

200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान संजू चौहान, द्वितीय स्थान सलमा बानो और तृतीय स्थान अंकिता उपाध्याय ने प्राप्त किया। बैडमिंटन में स्वाबन्या राज ने प्रथम स्थान, साक्षी मिश्रा ने द्वितीय स्थान और साक्षी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान श्रद्धा उपाध्याय, द्वितीय स्थान संजू चौहान और तृतीय स्थान पल्लवी उपाध्याय प्राप्त किया।

## छात्राओं ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

वार्षिक क्रीड़ा समारोह के शुभारंभ में प्रोफेसर सुधा ने अतिथि के साथ प्राचार्य का स्वागत किया। देश रंगीला गीत पर प्रिया एवं उनकी टीम ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न समितियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मुख्य शास्ता एवं शास्ता मंडल के सदस्यों ने अनुशासन व्यवस्था की। क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य ने खेलों का जीवन में महत्व विषय पर टिप्स दिए और कहा कि स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण होते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है।

## समारोह में इनकी रही मौजूदगी

समारोह का संचालन डॉ विश्वनाथ द्विवेदी ने किया। वहीं मुख्य शास्ता डॉ. अरविन्द वर्मा, प्रो सुधा, डा० पूनम, डॉ. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर अरुण कांत गौतम, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ. प्रिया, विजयलक्ष्मी, संगीता, डॉ सीमा यादव, नीलम पाण्डेय, नन्दलाल, डॉ मन्दन सिंह, डॉ वीपी सिंह, रवीन्द्र वर्मा, डॉ अनुप पाण्डेय, डॉ. सरोज उपाध्याय, डा. अतुल कन्नौजिया, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ. अजीत प्रताप सिंह, कुमार संजय भारती, डॉ महेन्द्र यादव, दुर्गेश नंदन व अन्य मौजूद रहे।

दिनाँक : 10/02/2024 अमर उजाला

# दौड़ में संजू को मिली जीत

## रमाबाई पीजी कॉलेज में शुरू हुई दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। 200 मीटर दौड़ में संजू चौहान ने बाजी मारी तो भाला फेंक में शुभा सिंह को जीत मिली।

खेल प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को कॉलेज परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। इसके बाद दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की भव्य शुरुआत हुई। आयोजन समिति से जुड़े डॉ. रवींद्र ने बताया कि भाला फेंक प्रतियोगिता में शुभा सिंह को प्रथम स्थान जबकि पल्लवी को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। 200 मीटर दौड़ में संजू ने बाजी मारी। सलमा को दूसरा स्थान मिला। डिस्कस थ्रो में श्रद्धा उपाध्याय को पहला स्थान मिला जबकि संजू को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।



रमाबाई पीजी कॉलेज में विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते नगर परिषद अध्यक्ष। संवाद

इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ अकबरपुर नगर पालिका परिषद चेयरमैन चंद्रप्रकाश वर्मा ने किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कई युवतियां व महिलाएं ऐसी हैं जो खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रिया व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की खूब सराहना हुई। अंतिम दिन शनिवार को भी कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

दिनाँक : 10/02/2024 दैनिक जागरण

अंबेडकरनगर जागरण www.jagran.com

सम्मान



# दौड़ में संजू अव्वल, डिस्कस थ्रो में श्रद्धा ने मारी बाजी

संवाद, अंबेडकरनगर : अकबरपुर के रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय का 25वां दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को प्रारंभ हुआ। पहले दिन की गोला फेंक प्रतियोगिता में शुभा सिंह प्रथम रहीं, द्वितीय स्थान पल्लवी उपाध्याय तथा तृतीय स्थान पर सुप्रिया वर्मा को मिला। 200 मीटर दौड़ में संजू चौहान अव्वल रहीं, जबकि दूसरे पायदान पर सलमा बानो व तीसरा स्थान अंकिता उपाध्याय ने हासिल किया।

बैडमिंटन में लावण्या राज ने बाजी मारी। साक्षी मिश्रा को दूसरा एवं खुशी सिंह को तीसरा स्थान मिला। डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान श्रद्धा उपाध्याय ने हासिल किया। दूसरे नंबर पर संजू चौहान व तीसरा स्थान पल्लवी उपाध्याय ने प्राप्त किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि अकबरपुर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हड्डियों, मांसपेशियों और लिगामेंट की मजबूती बढ़ती है। खेल को भी कैरियर के रूप में चुना जा सकता है। एथलेटिक्स समेत क्रिकेट, हाकी समेत अन्य खेलों के खिलाड़ी देश के लिए खेल रहे हैं।

प्राचार्य ने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनते हैं। डा विश्वनाथ द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान प्रो अरविंद वर्मा, प्रो सुधा, डा पूनम, डा अखिलेश प्रताप सिंह, प्रोफेसर अरुण कांत गौतम, डा. मनोज गुप्ता, पी.प्रिया, विजयलक्ष्मी, संगीता, डा सीमा यादव, सीता पांडेय आदि शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रहीं।


रमाबाई महाविद्यालय में खिलाड़ी को सम्मानित करते नपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा • जागरण


महाविद्यालय में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं • जागरण

दिनाँक : 11/02/2024 हिन्दुस्तान

# 800 मी. दौड़ में संजू प्रथम अंशिका द्वितीय स्थान पर

**खेलकूद**

- रमाबाई महिला महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता हुई
- दूसरे दिन मेडल वितरण से प्रतियोगिता का समापन

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के 25वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शनिवार को समापन हुआ। दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर किया। चैंपियनशिप का खिताब कुमारी संजू चौहान को मिला।

वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन प्रतियोगिता 800 मीटर के साथ शुरू हुई, जिसमें संजू चौहान को प्रथम स्थान, अंशिका उपाध्याय को द्वितीय स्थान तथा रानी वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दूसरी प्रतियोगिता लंबी कूद की कराई गई। जिसमें कुमारी संजू चौहान ने प्रथम स्थान, सलमा बानो ने द्वितीय स्थान तथा शुभा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ के फाइनल में सलमा बानो प्रथम, अंशिका उपाध्याय द्वितीय तथा दीपिका विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। ऊंची कूद में साक्षी मिश्रा ने प्रथम स्थान, संजू चौहान ने द्वितीय स्थान तथा दीपिका विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं म्यूजिकल चेयर में दिशा विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, पल्लवी उपाध्याय ने द्वितीय स्थान तथा जेस्सी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल रेस में कशिश द्विवेदी ने प्रथम स्थान, मानवी वर्मा ने द्वितीय स्थान तथा सुप्रिया वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का समापन 4 गुने 100 मीटर की रिले दौड़ से हुआ। जिसमें मान्या तिवारी, दीपिका विश्वकर्मा, सलमा बानो, तथा संजू चौहान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिनाँक : 11/02/2024 दैनिक जागरण

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में संजू चैंपियन और अंशिका दूसरे पर

[illegible]



## राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 12 से

[illegible]

## कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ की टीम बनी विजेता



[illegible]

दिनाँक : 21 / 02 / 2024 हिन्दुस्तान

# एकल व समूह गायन प्रतियोगिता हुई

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के सांस्कृतिक परिषद की ओर से मंगलवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। डॉ. सीमा यादव के संयोजन में प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने किया। समापन बुधवार को होगा

सांस्कृतिक परिषद की ओर से आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पहले दिन एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ करने के बाद कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हैं और भविष्य की राह आसान करते हैं। प्राचार्य ने सफल कार्यक्रम के लिए सांस्कृतिक परिषद प्रभारी एवं सदस्यों को बधाई दी। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ पूनम, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, कुंवर संजय भारती, डॉ सुनीता सिंह ने निभाई। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता ने किया। इस अवसर पर प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, केके विश्वकर्मा, डा. नंदन सिंह, डा. राजेश यादव, विजय लक्ष्मी यादव, डा. अतुल कन्नौजिया, डा. अनूप पाण्डेय, रवींद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहीं।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं के साथ रमाबाई के शिक्षक।

दिनाँक : 21 / 02 / 2024 अमर उजाला

# नृत्य-गायन के जरिए छात्राओं ने बांधा समा



अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में प्राचार्य शेफाली सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य के जरिए छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले प्राचार्य प्राचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाद में छात्राओं ने एकल गायन, समूह गायन व एकल नृत्य के जरिए कला का प्रदर्शन किया। छात्राओं के प्रदर्शन को देखकर वहां मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनका मनोबल बढ़ाया। (संवाद)

दिनाँक : 21/02/2024 अमर उजाला

# एकल गायन में निष्ठा समूह में साक्षी अव्वल

## राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज में संपन्न हुई प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय रमाबाई महिला पीजी कॉलेज में बुधवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता संपन्न हुई। एकल गायन में निष्ठा ने बाजी मारी तो समूह गायन में साक्षी व मणिका को जीत मिली। बाद में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

एक दिन पहले मंगलवार को शुरू हुई सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। आयोजन समिति से जुड़े डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एकल गायन में निष्ठा प्रथम, लावण्या को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। समूह गायन में साक्षी व मल्लिका ने जीत दर्ज की जबकि स्वाति व प्रियंशी को दूसरा स्थान मिला।

समूह नृत्य प्रतियोगिता में कशिश ग्रुप को प्रथम स्थान मिला जबकि लावण्या ग्रुप को दूसरा स्थान मिला। रंगोली में रानी ग्रुप ने प्रिया ग्रुप को पराजित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में खुशी ने जीत दर्ज की जबकि शालू को दूसरा स्थान मिला। नाटक में स्वाति ग्रुप को प्रथम जबकि मानवी ग्रुप को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। बाद में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण करते हुए प्राचार्या डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में सभी को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। इससे भारतीय संस्कृति और भी मजबूत होती है। इस दौरान डॉ. अनूप पांडेय, डॉ. अतुल, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. सीमा यादव, डॉ. संगीता, डॉ. अरविंद, डॉ. सुनीता, डॉ. नंदन सिंह आदि मौजूद रहे।



रमाबाई राजकीय महिला कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। संवाद

दिनाँक : 21/02/2024 हिन्दुस्तान

# एकल नृत्य में प्रिया पहले साक्षी दूसरे स्थान पर रहीं

**आयोजन**

- रमाबाई में दो दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। नगर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक परिषद की ओर से दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। समापन परिणाम की घोषणा से हुआ।

